# लगा है मेला ये श्याम बाबा का | By Pankaj Sanwariya

लगा है मेला श्याम बाबा का
हुआ दीवाना देखो संसार बाबा का
लगा है मेला............

रंग बिरंगा चोला तेरा सूरत प्यारी प्यारी
नीले की असवारी तेरी लगती बड़ी प्यारी
भक्तों ने मिलकर के किया श्रृंगार बाबा का
लगा है मेला............

चांद के जैसा चेहरा तेरा गल फूलों की माला
देख देख के रुप तेरा यह हुआ है जग मतवाला
रंग बिरंगे फूलों का है हार बाबा का
लगा है मेला............

शीश का दानी कैसे तुझको कहते खाटू वाला
दसों दिशाओं में बाबा भक्तों का रखवाला
हम सब को भी करना है दीदार बाबा का
लगा है मेला............

खाटू में है धाम तेरा तू सबके कष्ट निवारे
राकेश गर्ग के बाबा जी तू करदे वारे न्यारे
पंकज सांवरिया करता गुणगान बाबा का
लगा है मेला............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95/